समय पर हो रहे हैं ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के कार्य

ग्राम पंचायत से जुड़ी शिकायत की एक माह में कराई जायेगी जांच

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री

जयपुर, 2 मार्च। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री श्री रमेश चन्द मीणा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि अनूपगढ़ पंचायत समिति में 14.51 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि में से 6.87 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि घड़साना पंचायत समिति में करीब 23 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि में से करीब 10 करोड़ 3 लाख रुपये व्यय हो चुके हैं।

श्री मीणा ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के कार्य समय पर हो रहें हैं। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाली एजेंसियां अलग-अलग होती हैं और संवेदकों का चयन तय प्रक्रिया से किया जाता है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि किसी ग्राम पंचायत से जुड़ा कोई मामला है तो उसकी जांच करवा ली जाएगी और एक माह में सक्षम स्तर से जांच के बाद यदि कोई लापरवाही सामने आती है तो विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इससे पहले ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री ने विधायक श्रीमती संतोष के मूल प्रश्न के जवाब में राज्य सरकार द्वारा जनवरी, 2020 से दिसम्बकर, 2021 तक श्रीगंगानगर जिला परिषद में विकास कार्यों हेतु आवंटित किये गये बजट का योजनावार विवरण के साथ ही विधानसभा क्षेत्र अनूपगढ की पंचायत समिति अनूपगढ एवं घडसाना में इस अवधि में आवंटित बजट एवं व्यय का योजनावार, कार्यवार, पंचायत समितिवार एवं ग्राम पंचायतवार विवरण सदन के पटल पर रखा।